
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 22 अप्रैल

1. **विश्व पृथ्वी दिवस–** पृथ्वी पर मौजूद पेड़–पौधों और जीव–जन्तुओं को बचाने के लिए और दुनिया भर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अमेरिका के लाखों लोगों ने पहली बार 1970 में 'पृथ्वी दिवस' मनाया था। पृथ्वी दिवस की स्थापना अमेरिकी सिनेटर गेलोर्ड नेल्सन ने पर्यावरण शिक्षा के रूप में की थी। 'पृथ्वी दिवस' या 'अर्थ डे' शब्द को जुलियन कोनिंग ने 1969 में दिया था। इस नए आंदोलन को मनाने के लिए 22 अप्रैल का दिन चुना गया, क्योंकि इसी दिन कोनिंग का जन्मदिन था।
2. **लेनिन का जन्म–** रूस के मार्क्सवादी विचारक व्लादिमीर इलीइच उल्यानोव लेनिन का जन्म 22 अप्रैल, 1870 ई. को रूस के सिंविर्स्क में हुआ था। 1887 में जब उनके बड़े भाई को मौत की सजा मिली तो उन्होंने रूस की क्रांतिकारी समाजवादी राजनीति को अपना लिया। 1893 में सेंट पीट्सबर्ग में चले गए और वहां एक वरिष्ठ मार्क्सवादी कार्यकर्ता बन गये। 1897 ई. में रूसी जार द्वारा उन्हें देश से निर्वासित कर दिया गया। अपने निर्वासन के बाद वे स्विटजरलैंड चले गए जहाँ वे मार्क्सवादी रूसी सामाजिक डेमोक्रेटिक लेबर पार्टी में एक प्रमुख सिद्धांतकार बन गये। जब रूस में मार्च क्रांति हुई तो जर्मनी की सहायता से एक बंद गाड़ी में रूस पहुँच गया और वोल्शेविक गुट का नेतृत्व करने लगे। 1917 में लेनिन की अध्यक्षता में सोवियत सरकार की स्थापना कर दी गई।
3. **ब्राजील की खोज–** 22 अप्रैल, 1500 ई. को पेड्रो काबरल (1467–1520) ने ब्राजील की खोज की थी। यद्यपि यह कहना मुश्किल है कि पेड्रो काबरल ब्राजील पहुँचने वाले प्रथम व्यक्ति थे, परन्तु ब्राजीली लोग पेड्रो काबरल को 'ब्राजील का पिता' कहते हैं।
4. **बी. आर. चोपडा का जन्म–** बलदेव राज चोपड़ा हिन्दी फिल्मों के एक निर्देशक और निर्माता थे। उन्हें नया दौर, कानून, शोले हमराज़, बागवान और टेलिविजन धारावाहिक महाभारत का निर्माण करने के लिए जाना जाता है। 1998 में उन्हें भारतीय सिनेमा का उच्चतम पुरस्कार दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया था। 2001 में उन्हें कला के क्षेत्र में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया।

"तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से सीखना है। आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नही है। आपकी अपनी आत्मा के अलावा कोई दूसरा आध्यात्मिक गुरु नहीं है।"

–विवेकाननद

M o n d a y



*Madhu priya*

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

22 अप्रैल

**मधु प्रिया**

## विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल




विश्व पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है, जिसे 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी। अब इसे 192 से अधिक देशों में प्रति वर्ष मनाया जाता है। यह तारीख उत्तरी गोलार्द्ध में वसन्त और दक्षिणी गोलार्द्ध में शरद का मौसम रहता है। संयुक्त राष्ट्र में पृथ्वी दिवस को प्रत्येक वर्ष मार्च एक्विनोक्स (वर्ष का वह समय जब दिन और रात बराबर होते हैं) पर मनाया जाता है, यह अक्सर 20 मार्च होता है, यह एक परम्परा है जिसकी स्थापना शान्ति कार्यकर्ता जॉन मक्कोनेल के द्वारा की गयी। यह पृथ्वी का बडा ही मानक जाने वाला दिवस है।1960-70 के दशक से, जब पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही थी। पूरे के पूरे जंगल साफ़ किए जा रहे थे। दुनिया का ध्यान इस तरफ आकर्षित करने और पृथ्वी के संरक्षण करने या बचाने के लिए सितम्बर 1969 में सिएटल, वाशिंगटन में एक सम्मलेन हुआ। इस सम्मलेन में विस्कोंसिन के अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने यह घोषणा की कि 1970 की वसंत में पर्यावरण पर राष्ट्रव्यापी जन साधारण प्रदर्शन किया जाएगा। 1970 में हुए इस राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन में अमेरिका में स्कूलों, कॉलेजों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।वर्ष 1970 से हर वर्ष पृथ्वी दिवस मनाया जाने लगा। हर वर्ष पृथ्वी दिवस के लिए एक खास थीम रखी जाती है। पृथ्वी दिवस 2023 की थीम इस वर्ष इन्वेस्ट इन आवर प्लानेट यानी हमारे ग्रह में निवेश करें, रखी गई है।

Your paragraph text
/teachersofbihar

# जन्मदिन विशेष 22 अप्रैल

राकेश कुमार




**चेतन भगत** *Chetan Bhagat*) मशहूर उपन्यास लेखक हैं। चेतन भगत का जन्म 22 अप्रैल 1974 इनकी प्रारंभिक शिक्षा धौलाकुआं, नई दिल्ली के सेना पब्लिक स्कूल (1978-1991) में हुई। इसके बाद इंजीनियरिंग की डिग्री आई.आई.टी. (1991-1995) से पूरी करने के बाद भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद से पोस्ट-ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त की।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 22.04.2024

## सीरिलिक लिपि

सीरिलिक लिपि पूर्वी यूरोप और मध्य एशिया के क्षेत्र की कई भाषाओं को लिखने में प्रयुक्त होती है। इसे अज़्बुका भी कहते हैं, जो इस लिपि की वर्णमाला के शुरुआती दो अक्षरों के पुराने नामों को मिलाकर बनाया गया है, जैसे कि यूनानी वर्णमाला के दो शुरुआती अक्षरों - अल्फ़ा और बीटा - को मिलाकर अल्फ़ाबेट (Alphabet) यानि वर्णमाला बनता है। इस लिपि के वर्णों से जिन भाषओं को लिखा जाता है उसमें रूसी भाषा प्रमुख है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**एंटार्कटिका** में स्थित **Mount Erebus** के एक वोल्कानो से हर रोज लगभग **80 ग्राम गोल्ड डस्ट** निकल रहा है।


# टी-20 क्रिकेट



## टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर

| टीम | बनाम | स्कोर | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| नेपाल | मंगोलिया | 314/3 | हांगझोऊ | 2023 |
| SRH | RCB | 287/3 | बेंगलुरु | 2024 |
| अफगानिस्तान | आयरलैंड | 278/3 | देहरादून | 2019 |
| चेक रिपब्लिक | टर्की | 278/4 | आइलौफ काउंटी | 2019 |
| SRH | हैदराबाद | 277/3 | हैदराबाद | 2024 |

एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी पंजाब के एक राजनेता, गदर पार्टी के संस्थापक



## मंगू राम मूगोवालिया

जी की पुण्यतिथि पर नमन।

जन्म- 14 जनवरी 1886 - मृत्यु - 22 अप्रैल 1980

मधु प्रिया

www.teachersofbihar.org

22 अप्रैल




विश्व पृथ्वी दिवस पर आइए हम सब मिलकर धरा को हरा भरा बनाने का संकल्प करें।

# विश्व पृथ्वी दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।



मधु प्रिया

www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 367

**प्रथम पृथ्वी दिवस किस वर्ष मनाया गया था ?**

A. वर्ष 1965

B. वर्ष 1976

C. वर्ष 1983

D. वर्ष 1970



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: D

जन्मदिन विशेष


22 अप्रैल 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

दुनिया का सबसे समझदार इंसान और सबसे बड़ा बेवकूफ दोनों हमारे अंदर ही रहते हैं।



**चेतन भगत**

( मशहूर उपन्यास लेखक )

जन्म: 22 अप्रैल 1974

राकेश कुमार